नामांक Roll No.

No. of Questions – **28**

No. of Printed Pages – **11**

SS-11-Pol. Sc.

राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

समय : 3¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

All the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

(7) प्रश्नों का अंक भार निम्नानुसार है ।

Weightage of marks for the question is as follows :

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	कुल अंक भार
खण्ड-अ (A)	1 (i to x), 2 to 11=20	1	20
खण्ड-ब (B)	12 to 19 = 8	2	16
खण्ड-स (C)	20 to 23 = 4	4	16
खण्ड-द (D)	24 to 25 = 2	5	10
खण्ड-य (E)	26 to 28 = 3	6	18

खण्ड – अ

SECTION – A

1. नीचे दिये गये बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिये –

Write the answers to the given multiple choice questions in the answer book –

(i) 'ए थ्योरी ऑफ जस्टिस' पुस्तक के लेखक हैं –

(अ) जॉन रॉल्स (ब) एक्विनास

(स) इबेन्स्टीन (द) ह्यूम

The writer of the book 'A Theory of Justice', is –

(A) John Rawls (B) Aquinas

(C) Ebenstien (D) Hume **1**

(ii) 'राजनीतिक समाजीकरण' की सर्वप्रथम व्याख्या करने वालों में प्रमुख हैं –

(अ) हरबर्ट हाइमन (ब) डेविड ईस्टन

(स) सिडनी वर्बा (द) लुसियन पाई

The main political thinker who explain 'Political Socialization' at first, is –

(A) Herbert Hyman (B) Devid Easton

(C) Sidney Verba (D) Lucian Pye **1**

(iii) भारतीय संविधान के जिस भाग में सामाजिक-आर्थिक न्याय की व्यवस्था की गई है, वह है

(अ) भाग-3 (ब) भाग-4

(स) भाग-5 (द) भाग-6

The part of the Indian Constitution in which the arrangement of Social-Economic justice are included, is –

(A) Part – 3 (B) Part – 4

(C) Part – 5 (D) Part – 6 **1**

(iv) भारतीय संविधान के जिस अनुच्छेद के अन्तर्गत अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन सम्बन्धी प्रावधान हैं, वह है –

(अ) अनुच्छेद 300 (ब) अनुच्छेद 312

(स) अनुच्छेद 320 (द) अनुच्छेद 328

The article of the Indian Constitution which has provision related to the creation of All India Services, is –

(A) Article 300 (B) Article 312

(C) Article 320 (D) Article 328 **1**

(v) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'न्याय' का सही क्रम है

(अ) सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय

(ब) आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक न्याय

(स) राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय

(द) आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय

The Preamble of the Indian Constitution contains the correct order of 'justice', is –

(A) Social, Economic and Political

(B) Economic, Political and Social

(C) Political, Social and Economic

(D) Economic, Social and Political 1

(vi) राज्यसभा को 'धन विधेयक' कितने दिनों में लोकसभा को लौटाना होता है ?

(अ) 10 दिन (ब) 14 दिन

(स) 21 दिन (द) 30 दिन

In how many days does the Rajya Sabha has to return the 'Money Bill' to the Lok Sabha ?

(A) 10 days (B) 14 days

(C) 21 days (D) 30 days 1

(vii) 84वें संविधान संशोधन द्वारा लोकसभा की सदस्य संख्या कब तक यथावत रहेगी ?

(अ) 2022 (ब) 2024

(स) 2026 (द) 2028

How long will the member numbers of Lok Sabha remain unchanged by 84th Constitutional Amendment ?

(A) 2022 (B) 2024

(C) 2026 (D) 2028 1

(viii) किस आम चुनाव के बाद गठबन्धन की राजनीति शुरू हुई ?

(अ) 1977 (ब) 1967

(स) 1980 (द) 1984

After which general election the coalition politics has started ?

(A) 1977 (B) 1967

(C) 1980 (D) 1984 1

(ix) 'लिट्टे' का सम्बन्ध जिस देश से है, वह है

(अ) फ्रान्स (ब) इटली

(स) श्रीलंका (द) इंग्लैण्ड

'LTTE' is related to the country, is –

(A) France (B) Italy

(C) Sri Lanka (D) England 1

(x) 'विकास के लिये शान्ति, सम्प्रभुता व समरसता' जिस गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय था, वह है

(अ) बाडुंग (ब) नई दिल्ली

(स) वेनेजुएला (द) बेलग्रेड

'Peace, sovereignty and solidarity for development' is the main subject of which nonaligned summit ?

(A) Badung (B) New Delhi

(C) Venezuela (D) Belgrade 1

प्रश्न **2** से **8** तक के उत्तर एक पंक्ति में दें ।

Write the answers of the questions **2** to **8** in one line.

2. शक्ति व बल में एक अन्तर बताइये ।

Write a difference between Power and Force. 1

3. राजनीतिक सहभागिता के पक्ष में एक तर्क दीजिये ।

Give a reason in favour of Political participation. 1

4. भारत में 'निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार' कब लागू किया गया ?

When was 'the right to free and compulsory education' implemented in India ? 1

5. भारत में एकात्मक व्यवस्था के कोई दो लक्षण लिखिये ।

Write any two features of Unitary System in India. 1

6. 'अखण्डता' शब्द को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किस संवैधानिक संशोधन द्वारा जोड़ा गया ?

By which Constitutional Amendment was the word 'Integrity' added to the Preamble of the Indian Constitution ? 1

7. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ?

When was United Nations Organisation established ? 1

8. 'पंचशील' का कोई एक सिद्धान्त लिखिये ।

Write any one principle of 'Panchsheel'. 1

प्रश्न **9** से **11** तक के दिये गये रिक्त स्थान का उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिये ।

Write the answer of the questions **9** to **11**, fill in the blanks in the given answer book.

9. नीति आयोग का गठन _____ को हुआ ।

NITI Aayog was formed on _____. 1

10. दसवीं अनुसूची के अनुसार संसद सदस्य को _____ का दोषी पाये जाने पर सदस्यता से बर्खास्त किया जाता है ।

According to tenth schedule a member of parliament is dismissed from membership if he is found guilty of _____. 1

11. 'केन्द्र व राज्य के मध्य विवाद' सर्वोच्च न्यायालय के _____ क्षेत्राधिकार में आता है ।

'The dispute between the Center and the State' comes under the _____ jurisdiction of the Supreme Court. 1

खण्ड – ब
SECTION – B

12. अरस्तू के 'वितरणात्मक न्याय' को स्पष्ट कीजिये ।

Explain the 'distributive justice' of Aristotle. 2

13. आपके मतानुसार राजनीतिक संस्कृति के निर्धारण में 'इतिहास' की क्या भूमिका है ? संक्षेप में समझाइये ।

According to your view, what is the role of 'History' in determining of Political Culture ? Clear in brief. 2

14. आप राजनीतिक संस्कृति के अध्ययन को महत्त्वपूर्ण मानते हैं । इसके अध्ययन के कोई दो लाभ बताइये ।

You consider the study of Political Culture is important. Write any two benefits of its study. **1 + 1 = 2**

15. 'क्रान्तिकारी आन्दोलन' का सोदाहरण अर्थ बताइये ।

Write the meaning of 'Revolutionary Movement' with example. **2**

16. नीति आयोग की गवर्निंग परिषद् / काउन्सिल के सदस्य कौन होते हैं ? लिखिये ।

Who are the members of governing council of NITI Aayog ? Write. **2**

17. संवैधानिक प्रावधानानुसार संसद सदस्य की कोई दो योग्यताएँ बताइये ।

According to Constitutional provisions state any two qualifications of Member of Parliament. **1 + 1 = 2**

18. भारत की विदेश नीति में 'गुटनिरपेक्षता' को अपनाने के कोई दो कारण बताइये ।

Give any two reasons to adopt 'Non-Alignment' in India's Foreign Policy. **1 + 1 = 2**

19. भारतीय विदेश नीति में 'शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व की नीति' को संक्षेप में समझाइये ।

Clarify in brief the policy of 'Peaceful Co-existence' in Indian Foreign Policy. **2**

https://www.rajasthanboard.com

खण्ड – स

SECTION – C

20. 'व्यक्ति में राजनीतिक समझ विकसित करने वाली अनेक संस्थाएँ होती हैं ।' इस कथन के आधार पर आप राजनीतिक समाजीकरण के साधन के रूप में दो संस्थाओं की विवेचना कीजिये ।

'There are many institutions which develop the political understanding of a person.' On the basis of this statement explain any two institutions as a tool of political socialization. **4**

अथवा / OR

आपके मतानुसार राजनीतिक सहभागिता के कोई दो अभिकरणों की विवेचना कीजिये ।

According to your view, explain any two agencies of political participation.

[Turn over

21. वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिये ।

Why is the environment conservation necessary at the present time ? Explain. 4

अथवा / OR

भारत में आर्थिक न्याय की स्थापना के लिये कौनसी व्यवस्थाएँ अपेक्षित हैं ? स्पष्ट कीजिये ।

What arrangements are required for establishment of economic justice in India ? Explain.

22. भारतीय संविधान की निम्न विशेषताओं की विवेचना कीजिये –

(i) कठोरता व लचीलेपन का मिश्रण

(ii) विश्व का विशाल संविधान

Explain the following features of Indian Constitution –

(i) Combination of Rigidity and Flexibility.

(ii) Largest Constitution of the World. **2 + 2 = 4**

अथवा / OR

भारतीय संघीय व्यवस्था के निम्न तत्त्वों की विवेचना कीजिये –

(i) संविधान की सर्वोच्चता

(ii) निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र न्यायपालिका

Explain the following elements of Indian Federal System –

(i) Supremacy of the Constitution.

(ii) Impartial and Independent Judiciary.

23. भारतीय संसद के 'कार्यपालिका पर नियन्त्रण' कार्य की विवेचना कीजिये ।

Explain the function of the Indian Parliament related to 'the control over the executive'. 4

अथवा / OR

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया की विवेचना कीजिये ।

Explain the removal procedure of judges of the Supreme Court.

खण्ड – द

SECTION – D

24. 'संविधान संशोधनों' से सम्बन्धित निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिये एवं तालिका बनाकर उत्तर दीजिये ।

सूची–प्रथम		सूची–द्वितीय
(अ) 101वाँ संशोधन	1.	शिक्षा का अधिकार
(ब) 44वाँ संशोधन	2.	मताधिकार की आयु 18 वर्ष
(स) 86वाँ संशोधन	3.	वस्तु एवं सेवा कर
(द) 61वाँ संशोधन	4.	प्रस्तावना में संशोधन
(य) 42वाँ संशोधन	5.	सम्पत्ति का मूल अधिकार समाप्त

Match the following lists related to the Constitutional Amendments and write the answer by drawing a table.

List – First		List – Second
(A) 101st Amendment	1.	Right to education
(B) 44th Amendment	2.	18th year of Franchise
(C) 86th Amendment	3.	Goods and Service Tax
(D) 61st Amendment	4.	Amendment in Preamble
(E) 42nd Amendment	5.	Fundamental Right to property is abolished

5

अथवा / OR

संविधान के अनुच्छेदों से सम्बन्धित निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिये एवं तालिका बनाकर उत्तर दीजिये ।

सूची–प्रथम		सूची–द्वितीय
(अ) अनुच्छेद 352	1.	संविधान संशोधन प्रक्रिया
(ब) अनुच्छेद 356	2.	बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की स्थिति
(स) अनुच्छेद 360	3.	अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिये सेवा में आरक्षण
(द) अनुच्छेद 368	4.	वित्तीय आपातकाल
(य) अनुच्छेद 335	5.	राज्य में संवैधानिक तन्त्र की विफलता पर आपातकाल

[Turn over

Match the following lists related to the Constitutional articles and write the answer by drawing a table.

List – First		List – Second
(A) Article 352	1.	Procedure of Amendment in the Constitution
(B) Article 356	2.	External aggression or armed rebellion.
(C) Article 360	3.	Reservation in services for SC and ST.
(D) Article 368	4.	Financial emergency
(E) Article 335	5.	Emergency due to failure of Constitutional Machinery in the State.

5

25. 'अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम एवं उनके समय' की निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिये एवं तालिका बनाकर उत्तर दीजिये ।

वर्ष		घटनाक्रम
(अ) 1956	1.	भारत–चीन युद्ध
(ब) 1967	2.	स्वेज नहर संकट
(स) 1960	3.	भारत–पाक युद्ध
(द) 1965	4.	अरब इजरायल युद्ध
(य) 1962	5.	सिन्धु जल समझौता

Match the following lists related to International incidents and their time and write the answer drawing a table.

Year		Incident
(A) 1956	1.	Indo-China War
(B) 1967	2.	Crisis of Suez Canal
(C) 1960	3.	Indo-Pak War
(D) 1965	4.	Arab Israeli War
(E) 1962	5.	Indus Water Agreement

5

अथवा / OR

संयुक्त राष्ट्र संघ के अंगों के नाम एवं उनके एक–एक कार्य को चार्ट बनाकर अभिव्यक्त कीजिये ।

Draw a chart and express the names of the organs of the United Nations and their function.

खण्ड – य

SECTION – E

26. स्वतन्त्रता के विविध प्रकारों की विवेचना कीजिये ।

Explain the various kinds of Liberty. 6

अथवा / OR

'स्वतन्त्रता व समानता में सम्बन्ध' की विवेचना कीजिये ।

Explain the relationship between Liberty and Equality.

अथवा / OR

समानता का अर्थ बताते हुए इसके आधारभूत तत्त्वों की विवेचना कीजिये ।

Explain the meaning and basic elements of Equality

27. भारत में नियोजन का अर्थ बताते हुए इसकी आवश्यकता की विवेचना कीजिये ।

Explain the meaning and necessity of Planning in India. 6

अथवा / OR

'ग्लोबल वार्मिंग' के प्रभावों की विवेचना कीजिये ।

Explain the effects of 'Global Warming'.

अथवा / OR

वैश्वीकरण की उपलब्धियों की विवेचना कीजिये ।

Explain the achievements of Globalization.

28. भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका को किन रूपों में देखा जाता है ? विवेचना कीजिये ।

Discuss in what way the role of caste is seen in Indian Politics. 6

अथवा / OR

'साम्प्रदायिक समस्या' के कारणों की विवेचना कीजिये ।

Explain the causes of the problem of Communalism.

अथवा / OR

राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के लिये उपायों को स्पष्ट कीजिये ।

Explain the steps to control the Criminalization of Politics.